सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया
Central Bank of India

क्षेत्रीय कार्यालय, मौर्यालोक कॉम्पलेक्स, पटना-1

भर्ती सूचना

सेन्ट्रल बैंक के पटना क्षेत्रान्तर्गत जिला पटना स्थित विभिन्न शाखा/कार्यालयों हेतु 'सफाई कर्मचारी सह अधीनस्थ कर्मचारी/अधीनस्थ कर्मचारी' की भर्ती प्रक्रिया हेतु योग्य उम्मीदवारों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

पात्रता:

1. **कुल रिक्ती** 34 (चौंतिस) सामान्य वर्ग-20 अ.जा.-5, अन्य पिछड़ा वर्ग-7, यह रिक्ती आवश्यकतानुसार घट-बढ़ सकती है।
2. **शैक्षिक योग्यता**- न्यूनतम आठ वर्ग उत्तीर्ण। उच्च शैक्षिक योग्यता वाले अभ्यर्थी हेतु कोई रियायत अथवा दावा वर्तमान एवं भविष्य के लिए अमान्य है।
3. **आयु सीमा- 18 से 26 वर्ष** (आरक्षित वर्ग हेतु छूट-अ.जा.-5 वर्ष, अन्य पिछड़ा वर्ग-3 वर्ष, शारीरिक विकलांग-10 वर्ष, तलाकशुदा/विधवा महिला-9 वर्ष एवं भूतपूर्व सैनिक के लिए 26 वर्ष, वास्तविक सेवाकाल +3 वर्ष अधिकतम 45 वर्ष)

आवेदन हेतु दिशा निर्देश:

1. आवेदन पत्र का प्रारूप बैंक के वेबसाईट www.centralbankofindia.co.in से डाउन लोड किया जाए।
2. आवेदक आवेदन पत्र प्राप्त कर साफ-साफ अक्षर में भरकर उम्र, शिक्षा, निवास एवं सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत जाति प्रमाण पत्र (केवल आरक्षित श्रेणी हेतु) की छायाप्रति को संलग्न करते हुए केवल साधारण डाक द्वारा उपरोक्त पते पर भेजें। नियोजनालय में पंजीकृत अभ्यर्थी कृपया नियोजन पंजीकरण कार्ड की प्रति भी संलग्न करें। इसके अतिरिक्त किसी भी अन्य प्रकार से प्रेषित आवेदन अमान्य/अस्वीकृत माने जायेंगे।
3. आवेदक अपना आवेदन निम्न पते पर भेजें- **सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय द्वितीय तल, ब्लाक बी, मौर्यालोक कॉम्प्लेक्स, न्यू डाकबंगला रोड, पटना 800001**
4. उपरोक्त पते पर आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि 15.11.2012 है।
5. अधूरे भरे हुए आवेदन अथवा बिना उपरोक्त प्रमाण पत्र संलग्न किए गये आवेदन स्वत: निरस्त समझे जायेंगे।
6. कृपया लिफाफे के ऊपर स्पष्ट अक्षरों में ''**सफाई कर्मचारी सह अधीनस्थ कर्मचारी/अधीनस्थ कर्मचारी वर्ग हेतु आवेदन**'' अंकित करें।
7. वांछित आवेदकों को बैंक द्वारा निर्धारित किये गये तिथि को साक्षात्कार हेतु बुलावा पत्र भेजा जायेगा। निर्धारित तिथि को अनुपस्थित होने वाले अभ्यर्थी के आवेदन पर भविष्य में कोई विचार नहीं किया जायेगा।
8. गैर वांछित तथा अयोग्य पाये गये आवेदकों को कोई सूचना देने के लिए बैंक बाध्य नहीं होगा। इस संदर्भ में बैंक द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम होगा।
9. किसी भी विवाद का निपटारा पटना न्यायालय के अधीन ही किया जायेगा।
10. साक्षात्कार के लिए चयन की प्रक्रिया का अन्तिम अधिकार बैंक का होगा।
11. भर्ती की पूर्ण जानकारी हमारे बैंक के वेबसाईट www.centralbankofindia.co.in पर भी उपलब्ध है।

मुख्य प्रबंधक
कार्मिक